नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के राजीनामा के आधार पर हुआ प्रकरणों का निपटारा

रायगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार, आज दिनॉक 14 दिसंबर 2024 को रायगढ़ जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित उक्त नेशनल लोक अदालत के अवसर पर सर्वप्रथम माननीय जितेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला मुख्यालय रायगढ़ के न्यायालयीन परिसर में मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत के आयोजन का शुभारम्भ किया। उक्त कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सहित समस्त अपर जिला एवं स्रत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सहित अन्य समस्त मजिस्ट्रेट, सचिव अंकिता मुदलियार एवं जिला अधिवक्ता संघ रायगढ के अध्यक्ष लालमणी त्रिपाठी एवं सचिव लोकनाथ केशरवानी सहित अन्य अधिवक्तागण तथा राजीनामा के लिए उपस्थित पक्षकारगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण व पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

जिला एवं तहसील न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे- मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामले, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले के साथ-साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए, जिला मुख्यालय रायगढ़ एवं तहसील सारंगढ, घरघोडा, धरमजयगढ, खरसिया, भटगांव, बिलाईगढ के न्यायालयों में तथा श्रम न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड को मिलाकर कुल 28 खण्डपीठों का गठन किया गया। इसके अतिरिक्त रायगढ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ के राजस्व न्यायालयों में भी खण्डपीठों का गठन किया गया। खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 5883 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 35561 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया।

इस प्रकार रखे गये कुल 41444 प्रकरणों में से लंबित 5058 एवं प्रीलिटिगेशन 19570 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार कुल 24628 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित व्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया, बिलाईगढ़ व राजस्व न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 14 करोड़ 98 लाख 91 हजार 667 रूपये का सेटलमेंट हुआ। राजीनामा के आधार पर न्यायालयों में लम्बित 05 वर्ष से अधिक अवधि के 27 प्रकरण तथा वरिष्ठ नागरिकों के 10 एवं महिलाओं के लंबित 17 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र/दानपत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 19722 मामले रखे गये जिनमें से 19217 मामलों का निराकरण आज की लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों की गठित खण्डपीठ द्वारा किया गया, जिसमें 18264171/- रूपये का सेटलमेन्ट राशि पारित किया गया।

विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से उपस्थित होकर किया गया राजीनामा- 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ देवेन्द्र साहू के न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण में उभयपक्ष राजीनामा करने हेतु सहमत थे परंतु प्रकरण के दो आहतगण महिला जिला जेल रायगढ़ में निरूद्ध होने से प्रकरण के निराकण में कठिनाई आ रही थी। इसी स्तर पर जिला जेल रायगढ़ के विडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से उन्हें उपस्थित कराया जाकर राजीनामा के माध्यम से प्रकरण का निराकण किया गया।

02 वर्षों से चलने-फिरने में असमर्थ वयोवृद्ध महिला को दिलाया न्याय- आवेदिका राधा चौहान जो 61 वर्ष की है वे 19 जून 2023 को सड़क दुर्घटना में आहत होने के कारण एक क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया था।

दुर्घटना दिनांक से आवेदिका आहत होकर बिस्तर पर ही अपना जीवन गुजार रही थी उसकी एक मात्र पुत्री उसकी देखभाल करती थी गरीबी और बिमारी से लाचार राधाबाई की पुत्री तथा अनावेदक बीमा कंपनी दि न्यू इंडिया अर्थॉरिटी प्राइवेट लिमिटेड के मध्य न्यायालय ने राजीनामा करने का सुझाव दिया, जिस पर न्यायाधीश विरेन्द्र अरोड़ा, चतुर्थ अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण खण्डपीठ की मध्यस्थता से चर्चा कर बीमा कंपनी क्षतिपूर्ति के रूप में 6 लाख रूपये देने को राजी हुए जिसे आवेदक पक्ष ने स्वीकार किया। एंबुलेंस की सहायता से उक्त न्यायालय की खण्डपीठ में आवेदिका को लाया गया जहां दोनों पक्षों के मध्य राजीनामा संपन्न हुआ दोनों पक्षों ने न्यायालय की भुमिका की सराहना की और राजीनामा पर संतुष्टि व्यक्त की इस पर अधिवक्ता मुकेश गोयल, और सुभाष पटेल की अहम् भूमिका रही।

70 वर्षीय वयोवृद्ध एवं अशक्त महिला ने आपसी सुलहनामें के आधार पर करवाया प्रकरण का निराकरण

न्यायालय भावना नायक ठाकुर, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायगढ़ के न्यायालय में वादी संतोष कुमार चौहान के द्वारा रकम 125000 रू की वसुली हेतु न्यायालय में वसूली का दावा पेश किया गया था। जिसमें प्रतिवादिनी धानदाई, जो वर्तमान में 69 वर्ष की महिला है जो कि अपने पैरों से चलने फिरने में असमर्थ हैं न्यायालय के माध्यम से दोनों पक्षो के अधिवक्ता की मौजुदगी में राजीनामा हेतु परामर्श दिया गया, वादी ने प्रतिवादिनी की दयनीय हालत को देखते हुए कुल रकम 70,000 रू0 में ही राजीनामा करने की सहमति दे दी। आज प्रतिवादिनी धानदाई अपनी बेटी की सहायता से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर राजीनामा के आधार पर उक्त प्रकरण को समाप्त कराई। दोनों पक्षो ने राजीनामा पर अपनी संतुष्टि दर्शाते हुए आभार व्यक्त किया।

प्रधान जिला न्यायाधीश ने लोक अदालत में आये 02 विकलांग बच्चों को ट्राई-साइकिल प्रदान किया गया

नेशनल लोक अदालत में माननीय जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा 02 विकलांग बच्चों को राज्य शासन की योजनाओं का लाभ दिलाते हुए ट्राई-साइकिल प्रदान किया गया और उक्त विकलांग बच्चों के माता-पिता से बातचीत कर, उनके विकलांग बच्चों के संदर्भ में शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के लाभ के विषय में पूछा गया तथा बच्चों को विकलांग पेंशन योजना का भी लाभ जल्द से जल्द दिलवाने हेतु आश्वासन दिया गया।

महत्वपूर्ण एवं खास

गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा पुलिस ने जूपिटर मोपेड से गांजा तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सर्विस रोड ग्रीनलाइट ढाबा के पास दबिश देकर जूपिटर मोपेड में सवार आरोपी संजय राव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

शिविर में 35 लोगों का बना गया लर्निंग लाइसेंस

जशपुर (आरएनएस)। विगत दिवस शासकीय कॉलेज कुनकुरी जिला जशपुर में श्रीराज एवं अयांश परिवहन सेवा केंद्र द्वारा लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 35 आवेदको को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया।

अमलीडीह जमीन मामला विपक्ष उठाएगा शीतकालीन सत्र में

रायपुर (अआरएनएस)। अमलीडीह (रायपुर) में महाविद्यालय के लिए आबंटित जमीन को रामा बिल्कॉन बिलासपुर, को शासन द्वारा दिये जाने वाले मामले पर राजनीति गर्म है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उक्त विवादास्पद जमीन की जांच की जिम्मेदारी आयुक्त रायपुर को दी गई थी, जिसमें आयुक्त महादेव कांवरे ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ही शासन को जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुके हैं। कल से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह मामला सदन में सुर्खियां बटोरेगी। अब शासन को तय करना है कि अमलीडीह में कॉलेज के लिए आबंटित जमीन पर कॉलेज बनाना है या बिल्डर को देना है। किन्तु जमीन के विषय में जनसाधारण का कहना/ मानना है कि कॉलेज बनना चाहिए।

4 जुआरियों से 55,900 रुपए जब्त

पलारी-रायपुर (आरएनएस)। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 14.12.2024 को थाना पलारी पुलिस द्वारा पलारी के खार में मुरूम खदान के पास जुआ खेलते हुए 04 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?55,900 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध क्र. 562/2024 पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का प्रयास: कोतवाली पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने वाले आरोपी अमन प्रजापति उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया है।

सोशल मीडिया से शुरू हुई दोस्ती, युवती ने शिकायत में बताया कि वह सोशल मीडिया पर टिक-टॉक वीडियो बनाती थी, उसकी मुलाकात वर्ष 2019 में अमन प्रजापति से हुई। अमन ने खुद को मनापुनम गोल्ड फायनेस में मैनेजर बताया था। बातचीत के दौरान दोनों में नजदीकियां बढ़ीं, और अक्टूबर 2023 में आरोपी ने युवती को जगदलपुर बुलाकर शादी का नाटक करते हुए उसे मंगलसूत्र पहनाया। युवती को उसने अपने घर अंबिकापुर भी ले

जाकर परिवारवालों से मिलवाया।

अगस्त 2024 से अमन ने युवती से दूरी बनानी शुरू कर दी। 15 अक्टूबर 2024 को युवती ने उसका पता लगाकर कोतरारोड़ के पास सोल्ट्रीस ऑटोविल्स क्षेत्र में उससे मुलाकात की। अमन ने उसे समझाकर अपने मामा-मामी के पास कार्मल स्कूल के पास ले जाकर तीन दिन तक ठहराया। उसी दौरान युवती को अमन के अन्य लड़कियों से संबंध होने की जानकारी मिली।

18 अक्टूबर 2024 की रात अमन ने युवती को जबरदस्ती अपने घर के दूसरे कमरे में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। युवती ने किसी तरह वहां से भागकर अपने घर पहुंचकर अपनी आपबीती परिजनों को बताई।

युवती की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित अमन पर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म का प्रयास करने संबंधी अप.क्र. 758/2024 धारा 69, 76,62, 115(2) BNS के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी अमन प्रजापति उर्फ सोनू पिता स्व मनका प्रजापति उम्र 25 वर्ष निवासी सिचाई कालोनी के पीछे मकान नम्बर 252 थाना कोतवाली अम्बिकापुर जिला सरगुजा हामु कार्मल स्कूल के साने आशाराम काम्प्लेक्स थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

टीम की भूमिका सराहनीय

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, और हमराह स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने पीड़िता को हरसंभव न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। रायगढ़ पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि इस तरह के मामलों में पीड़ित बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें, ताकि दोषियों को सख्त सजा दिलाई जा सके।

धान खरीदी केंद्र से निरंतर धान का किया जा रहा उठाव

जशपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिले में धान खरीद सुचारू रूप से हो रही है।

धान खरीदी के एवज में 8289 किसानों को 1,02,19,99,480 रूपए (एक अरब दो करोड़ उन्नीस लाख निन्यानबे हजार चार सौ अस्सी) का विपणन संघ मुख्यालय द्वारा अपैक्स बैंक को किया गया है भुगतान 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से हो रही है धान खरीदी इसके साथ ही तीव्र गति से धान उठाव प्रारम्भ किया गया है। और डीवो जारी किया गया 182560.00 क्विंटल धान उठाव 21700.00 क्विंटल जिले में 14 नवम्बर से अब तक 52080.92 मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक जिले के 8289 किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 51180 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 6301 नए किसान शामिल है। इस वर्ष 46 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 3,36,458.00 मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। अधिकारियों ने बताया कि 1 दिसम्बर तक 8289 किसानों से 52080.92 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए आज दिनांक तक कुल 55723.28 मीट्रिक टन टोकन जारी किए गए थे। आगामी सप्ताह तक की खरीदी के लिए कुल 4793 किसानो हेतु 33952.68 मीट्रिक टन का टोकन जारी किया गया हैं।

ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने उड़ीसा से किया गिरफ्तार

गरियाबंद | आरएनएस

थाना गरियाबंद मामला 8 से 11 दिसंबर के दरम्यानी रात ग्राम सडक़परसुली मे हुए ट्रैक्टर चोरी के सूचना पर गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा चोरी के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।जिसके परिपालन मे थाना प्रभारी गरियाबंद निरीक्षक ओम प्रकाश यादव व टीम तथा साइबर सेल के द्वारा ट्रैक्टर को चोरी करने वाले आरोपी को उड़ीसा से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। घटना के विषय में मिली के अनुसार 13 दिसंबर को प्रार्थी राधेश्याम राठौर पिता गिरधारी सिंग राठौर उम्र 38 साल निवासी सिरसिला पोस्ट धांदोली व्हाया बेसरोली तहसील मकराना थाना गच्छीपुरा जिला डिडवाना (कुचामन) राजस्थान हाल अमात गोड़ सामाज ग्राम सडकपरसुली थाना व जिला गरियाबंद द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 से 11 दिसम्बर तक अमात गोड सामाज भवन सडक परसुली से अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी का जॉन डीयर ट्रेक्टर क्रमांक आरजे 14-आरडी-1848 मॉडल 2017 ग्रीन कलर की हाईड्रोलिक मशीन लगा हुआ को चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना दौरान जांच मे कंपनी के कार्यरत प्रदीप कुमार गर्ग के ऊपर संदेह व्यक्त करने पर आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने से आरोपी को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

कन्हर नदी में 9 करोड़ की लागत से जल संसाधन विभाग ने कराया एनीकट का निर्माण

रामानुजगंज | आरएनएस

रामानुजगंज कन्हर नदी में करीब 9 करोड रुपए लागत से जल संसाधन विभाग के द्वारा एनीकट का निर्माण कराया गया था।जो भले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया परंतु एनीकट के कारण आज झारखंड का ग्राम गोदरमाना बाजार बड़ा स्वरूप ले लिया है। एनीकट से रविवार के दिन हजारों हजार की संख्या में लोग छत्तीसगढ़ से गोदरमाना बाजार करने जाते हैं।

एनीकट के बनने से भले ही जिस उपयोग के लिए एनीकट बना। निर्माण के बाद आज तक एनीकट का वह उपयोग नहीं हो पाया एनीकट का निर्माण नगर में अप्रैल में में होने वाले भीषण जल संकट से नगरवासियों निजात दिलाने के लिए बना था परंतु बनने के बाद कभी भी उपयोगी साबित नहीं हुआ है। परंतु एनीकट के कारण छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के बीच व्यापारिक संबंध काफी मजबूत हुआ रविवार के दिन रामानुजगंज एवं झारखंड के ग्राम गोदरमाना में साप्ताहिक बाजार लगता है। परंतु एनीकट बनने के बाद गोदरामाना का साप्ताहिक बाजार में हजारों हजार की संख्या में लोग गोदरमाना एनीकट के रास्ते बाजार करने जाते हैं।

छत्तीसगढ़ के दर्जनों गांव के लोग जाते हैं बाजार करने गोदरमाना...... झारखंड के ग्राम गोदारमना के बाजार का स्वरूप इतना वृहद हो गया है कि छत्तीसगढ़ के दर्जनों गांव के लोग बाजार करने के लिए यहां आना पसंद करते हैं रविवार के दिन आमंत्रण धर्मशाला के सामने सैकड़ो की संख्या में बाइक लगाकर लोग झारखंड के ग्राम कोदरमाना बाजार करने जाते हैं।

छत्तीसगढ़ की ओर लगता है छोटा बाजार इससे कई गुना ज्यादा बड़ा बाजार लगता है गोदरमाना में...... एनीकट के छत्तीसगढ़ की ओर गिनती के दुकान लगाते हैं वही झारखंड की ओर सैकड़ो दुकान लगती है यहां छत्तीसगढ़ से भी काफी संख्या में लोग बाजार करने जाते हैं दिन प्रतिदिन यहां का बाजार वृहद होते जा रहा है।

गोदारमना पैदल चलने की जगह नहीं मिलती है........ एनीकट के कारण गोदरमाना बाजार का स्वरूप इतना वृहद हो गया है कि एक और यहां बाजार लगाने के लिए काफी कम जगह है वही बड़ी संख्या में लोग यहां दुकान लगाने पहुंचते हैं ऐसे में पैदल चलना भी यहां मुश्किल होता है दुकानदार बताते हैं कि काफी अच्छी दुकानदारी होती है।

55 लीटर महुआ शराब और पल्सर बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

रायगढ़

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कोतरारोड़ पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 55 लीटर महुआ शराब और परिवहन में प्रयुक्त पल्सर बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आज दोपहर कुरमापाली चौक पर की गई, जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को सूचना मिली थी कि एक

व्यक्ति काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर महुआ शराब लेकर नंदेली की ओर से गुजर रहा है। सूचना के आधार पर प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने नाकेबंदी की। दोपहर करीब 3:45 बजे संदेही को रोका गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नारायण सारथी (29 वर्ष), निवासी बैसपाली, थाना कोतरारोड़, जिला रायगढ़ बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से प्लास्टिक की बोरियों में भरी कुल 55 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार कीमत लगभग रु.5,500 है। इसके अलावा तस्करी में उपयोग की जा रही बजाज पल्सर मोटरसाइकिल (CG 13 BA 1837) भी जब्त की गई।

कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपी पर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया।

टीम की सतर्कता से दबोचा तस्कर

इस पूरी कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस हर्षित मेहर, थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक शंभू खैरवार, आरक्षक करुणेश राय, जयप्रकाश सूर्यवंशी, प्रवीण राज, राकेश नायक, और शिवा प्रधान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कोतरारोड़ पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी पर सख्त कार्रवाई का संदेश देते हुए जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियॉं की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

देश की बहादुर पुलिस फोर्स में से एक है छग पुलिस : अमित शाह

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित बेहद गरिमामय कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है। गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णत: खात्मा हो जाएगा। शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की तैयारी में है। यहां की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्च के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोडक़र मुख्य धारा में लौटने की अपील की। शाह ने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान न केवल पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने एंटी-नक्सल ऑपरेशनों में छत्तीसगढ़ पुलिस की सफलता पर कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने का निर्णय लिया है।